जनता कॉलेज बकेवर के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र द्वारा ग्राम बेरी खेड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

इटावा 22.11.24 – जनता कॉलेज बकेवर के नवाचार एवं उद्यमिता सेल ने ग्राम बेरी खेड़ा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाना था।नवाचार केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन अवस्थी ने स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने नवाचार को रोजगार और उद्यमिता का आधार बताते हुए इसके महत्व पर चर्चा की।कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्णा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, श्रीमती पदमा कुशवाहा ने महिलाओं तथा छात्राओं को आंवले का अचार बनाने की प्रक्रिया, उसकी पैकिंग और विपणन की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण ने महिलाओं को छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं दुर्गा एवं तनुष्का ने प्रश्न पूछे | नवाचार केंद्र के सदस्य श्री अजीत प्रताप अग्निहोत्री ने ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री के सरल तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर बाजार तक पहुंचने की रणनीतियों को साझा किया।कार्यक्रम के संयोजक श्री शैलेंद्र कुमार गौतम ने पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कियाप्रशिक्षण में इस कार्यक्रम में सहायता समूह की कर्मठ पदाधिकारी श्रीमती अंजली सिंह ,मधु देवी, फूलवती देवी, गीत देवी, वित्त देवी, रानी देवी, आशा देवी, सीमा देवी, प्रीति देवी, और अंगूरी देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस कार्यक्रम में गहन रुचि लेते हुए सीखने के अवसर का लाभ उठाया।इस कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नवाचार एवं उद्यमिता सेल ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विकास में अपना योगदान देता रहेगा।

जनता कॉलेज के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र ने ग्राम बेरी खेड़ा में दिया प्रशिक्षण

चेतना कार्यालय

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के नवाचार एवं उद्यमिता सेल ने ग्राम बेरी खेड़ा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाना था। नवाचार केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन अवस्थी ने स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने नवाचार को रोजगार और उद्यमिता का आधार बताते हुए इसके महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्णा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पदमा कुशवाहा ने महिलाओं तथा छात्राओं को आंवले का अचार बनाने की प्रक्रिया, उसकी पैकिंग और विपणन की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण ने महिलाओं को छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं दुर्गा एवं तनुष्का ने प्रश्न पूछे। नवाचार केंद्र के सदस्य अजीत प्रताप अग्निहोत्री ने ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री के सरल तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर बाजार तक पहुंचने की रणनीतियों को साझा किया। कार्यक्रम के संयोजक शैलेंद्र कुमार गौतम ने पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित कियाप्रशिक्षण में इस कार्यक्रम में सहायता समूह की कर्मठ पदाधिकारी अंजली सिंह,मधु देवी, फूलवती देवी, गीत देवी, वित्त देवी, रानी देवी, आशा देवी, सीमा देवी, प्रीति देवी, और अंगूरी देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस कार्यक्रम में गहन रुचि लेते हुए सीखने के अवसर का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नवाचार एवं उद्यमिता सेल ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विकास में अपना योगदान देता रहेगा।

महिलाओं को नवाचार के टिप्स दिए

संवाददाता, लखना

अमृत विचार। जनता कॉलेज बकेवर के नवाचार एवं उद्यमिता सेल ने बेरीखेड़ा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से सशक्त बनाना था।

नवाचार केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन अवस्थी ने स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने नवाचार को रोजगार और उद्यमिता का आधार बताते हुए इसके महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्णा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पदमा कुशवाहा ने महिलाओं तथा छात्राओं को आंवले का अचार बनाने की प्रक्रिया, उसकी पैकिंग और विपणन की तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण ने महिलाओं को छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया।